निगम अधिकारियों कर्मचारियों को 31 दिसंबर के पहले जमा कराने होंगे बकाया कर, निगमायुक्त ने जारी किए निर्देश

इन्दौर बकाया कर राशि की वसूली के लिए निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने निगम अधिकारियों कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी किये हैं। इसके अनुसार निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को खुद के साथ परिवार के सदस्यों के नाम पर नगर निगम सीमा में स्थित सभी कर योग्य संपत्तियों का बकाया कर तय समय-सीमा में जमा करना होगा। इसमें संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क और यूजर चार्ज सहित निगम के सभी देय कर शामिल हैं। निगमायुक्त का यह निर्देश केवल नियमित कर्मचारियों पर नहीं, बल्कि मस्टर, विनियमित और आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगा। इसके लिए समय-सीमा भी तय की गई है जो कि 31 दिसंबर है। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब 31 दिसंबर 2026 तक अपने सभी बकाया कर और शुल्क जमा करने होंगे।जारी निर्देश अनुसार कर और शुल्क जमा करने के बाद सभी अधिकारी-कर्मचारियों को भुगतान के प्रमाण के साथ आवेदन अपने विभाग प्रमुख को सौंपना होगा। विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने विभाग के सभी कर्मचारियों से शत-प्रतिशत कर जमा कराएं। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि जनवरी 2027 में वेतन जारी होने से पहले सभी विभाग प्रमुख कर्मचारियों की सूची और अनुपालन प्रतिवेदन निगम की लेखा शाखा में प्रस्तुत करें। आउटसोर्स एजेंसियों को भी अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों के कर और शुल्क जमा करने का प्रमाण सहित अनुपालन प्रतिवेदन देना होगा।

मूक बधिर बालिकाओं ने बनाए आकर्षण दीए



इंदौर डेफ बाइलिंग्वल एकेडमी के बच्चों ने रंगों से सजाएं दीये ,हुनर को मिला प्रोत्साहन, इंदौर स्कीम नम्बर 71/बी में स्थित डेफ बाइलिंग्वल एकेडमी की बालिकाओं ने मिट्टी के साधारण दीयों को अपनी कल्पना से आकर्षक ढंग से सजाया।साथ ही आकर्षक चीजें भी बनाई। बच्चियां सीख रही हैं आत्म-निर्भरता के हुनर को। शिक्षिका, ममता सिंह कहती हैं मूक बधिरों की प्रतिभा को सही मार्गदर्शन तथा उचित मूल्य प्राप्ति हुई तो वे स्वयं की कलाकृतियों को और अधिक उत्साह से प्रदर्शित कर सकते हैं।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 'नेचुरल गरबा महोत्सव 2026' का आयोजन



इंदौर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के नेचुरल फार्म एंड रिजॉर्ट में 'नेचुरल गरबा महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। आयोजक जीतू बाबा , संयोजिका रितु छाबड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता महेंद्र सिंह ठाकुर, जुगल बाबा एवं महामंडलेश्वर राजकुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। मंच से वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पलासिया टीआई जगदीश मालवीय, संतोष गवलाना, बीडी तिवारी, गुरुजी जयदीप दुबे, सुनीला दुबे, समाजसेवी संतोष ठाकुर, कर्नल गुप्ता, साक्षी सुंदरानी, सुनील सोलंकी और गोविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन में जीतू बाबा, प्रकाश बारोड़, रितु छाबड़ा, रवि शर्मा, राज चौहान, तरुण अग्रवाल और रवि गोठवाल की टीम का सक्रिय योगदान रहा।

इंदौर की जल नीति पारित, पानी बर्बाद करने पर लगेगा 10 हजार रुपये तक जुर्माना

इन्दौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई मेयर इन कौंसिल की बैठक में इंदौर की जल नीति को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।बैठक में आयुक्त क्षितिज सिंघल, महापौर परिषद के सदस्य तथा नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जल अपव्यय करने पर 2,000 से 10,000 रुपये तक तथा नल कनेक्शन पर मोटर पंप लगाकर पानी खींचने पर 5,000 से 10,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। आगामी ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए 300 नए नलकूपों के खनन, 100 नलकूपों पर मोटर पंप लगाने और 33 नए टैंकरों की खरीदी को मंजूरी दी गई। वहीं, 12 नवंबर से 21 दिवसीय वैध नल कनेक्शन अभियान चलाया जाएगा। बैठक में 2,600 से अधिक सफाई संरक्षक पदों पर सविदा नियुक्ति तथा 1,650 से अधिक कर्मचारियों के विनियमितीकरण को भी स्वीकृति दी गई। शहर में नए यूनिपोल नहीं लगाने, 140 नई गेंट्री बनाने और एमआर-5 से छोटा बांगड़दा तक सड़क निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई।

निजी बसों के किराए में भारी वृद्धि रोकने की मांग

इन्दौर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने ल्हौहार के अवसर पर निजी बसों के किराए में भारी वृद्धि रोकने हेतु कड़ी कार्रवाई करने और निर्धारित दरों पर ही बसों का किराया सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की है। कम्युनिस्ट पार्टी प्रदेश सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां जारी बयान में बताया है कि दीपावली के ल्हौहार के अवसर पर निजी बसों के किराए में चार गुना तक वृद्धि हो गई है। निजी बस मालिकों द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है। गरीबी और महंगाई से जूझ रही जनता पर आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। सरकार का इस मनमाने बस किराए में वृद्धि पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस लूट से जनता त्रस्त है। निजी बसों के मालिकों का भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए किराए में वृद्धि पर नियंत्रण हेतु कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। सरकार के संरक्षण में इस तरह जनता को लूटने की पार्टी ने कड़ी भर्त्सना की है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश सरकार और विशेषकर परिवहन विभाग से यह मांग की है कि निजी बसों में मनमाने किराए में वृद्धि पर रोक लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई की जाए और निर्धारित बस किराया लेना ही सुनिश्चित किया जाए ।

IDBI बैंक के निजीकरण के विरोध में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल



इंदौर (राजेश निगम)। केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के IDBI बैंक को कनाडा की एक निजी कंपनी के साथ ?52,878 करोड़ में प्रभावी नियंत्रण सौंपने (निजीकरण) की स्वीकृति देने के विरोध में बैंककर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर IDBI बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 2 और 3 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल रखी। हड़ताल के कारण लगातार दूसरे दिन भी देश भर में IDBI बैंक का सामान्य कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

इंदौर में प्रदर्शन, महिला बैंककर्मियों ने लगाए जोशीले नारे

इंदौर महानगर में बैंककर्मियों ने गीता भवन चौराहे के पास रतलाम कोठी स्थित होटल ओम्नी पैलेस बिल्डिंग में संचालित IDBI बैंक की मुख्य शाखा परिसर के समक्ष एकत्रित होकर एक विशाल और प्रभावी प्रदर्शन किया।इस आंदोलन की खास बात यह रही कि इसमें सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की सभी बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी एकजुट होकर शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिला बैंककर्मियों ने सरकार की बैंक-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोशीले नारे लगाए और निजीकरण के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की।

रु9513 करोड़ कमाने वाले बैंक को बेचना संदेहास्पदः मोहनकृष्ण शुक्ला

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (इंदौर) के संयोजक मोहनकृष्ण शुक्ला ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए।

जिस बैंक के पुनरुत्थान और वित्तीय मजबूती के लिए केंद्र सरकार ने रु 25,000 करोड़ और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने रु21,654 करोड़ का सार्वजनिक धन निवेश किया हो, और जिस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रु9,513 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया हो–उसे मात्र रु52,878 करोड़ में किसी विदेशी कंपनी के हाथों सौंप देना अत्यंत गंभीर और शंका पैदा करने वाला विषय है। इस पूरे सौदे की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए तथा सेवारत बैंककर्मियों की सेवा-शर्तों एवं भविष्य की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। '

दिग्गज बैंक नेताओं का रहा नेतृत्व

रतलाम कोठी मेन रोड पर आयोजित इस प्रभावी प्रदर्शन का नेतृत्व सर्वश्री नवीन मोदी, ऋचा गांधी, सोनल अग्रवाल, यू.एस. वर्मा, राजेश जैन, जी. गड़वे, और अभिषेक चौबे आदि प्रमुख बैंक नेताओं ने किया।

कार्यक्रम का सफल व कुशल संचालन बैंक ऑफ महाराष्ट्र के रामदेव सायडीवाल ने किया। प्रदर्शन के अंत में उपस्थित सभी बैंककर्मियों व सहयोगियों का आभार IDBI बैंक के अभिषेक श्रीवास और विकास भदौरिया ने व्यक्त किया।

यूएफबीयू के संयोजकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो यह लड़ाई आगे और भी उग्र रूप लेगी।

किताबों से दूर, सीख का नया दौर:सिका 78 में मना बैगलेस डे



इंदौर सिकासीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्कीम नंबर 78 मेंकक्षा एक से पाँचवी तक के विद्यार्थियों के लिए उत्साह एवं उमंग से 'परिपूर्ण बैगलेस डे' का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित कक्षा शिक्षण से अलग रचनात्मक, मनोरंजक एवं अनुभवात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों को यूरेशिया पार्क का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने प्रकृति एवं अपने आसपास के वातावरण को करीब से जानने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अनेक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें हस्तलेखन प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, दीया निर्माण गतिविधि एवं टाई एंड डाई गतिविधि प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त, शो एंड टेल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति, संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिला। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग एवं रचनात्मकता के साथ सहभागिता की।

स्टार विमेंस बैंड का संगीत मिलन



इंदौर आयोजित स्टार विमेंस बैंड के संगीत मिलन आयोजन में स्टार इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट के डायरेक्टर विजय सिंह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।जहां देश के बड़े बड़े शहरों में सौंदर्य प्रतियोगिता करवाने वाले स्टार इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट के डायरेक्टर विजय सिंह का सम्मान स्टार विमेंस बैंड संचालिका, आयोजिका सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव और समाजसेवी जीतू बाबा द्वारा शाल श्रीफल और पुष्पहार से किया गया। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में 60 गायक गायिकाओं ने हिस्सा लिया साथ सैक्सोफोन प्लेयर मनीषा यादव ने सैक्सोफोन पर बेहतरीन प्रस्तुतियां दी ।

देवास के थाना प्रभारी दिलीप पुरी की वीभत्स हत्या की कड़ी भर्त्सना

इंदौर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने विगत 2 नवम्बर को देवास जिले में अवैध शराब के जा रहे ट्रक से थाना प्रभारी दिलीप पुरी की वीभत्स हत्या की कड़ी भर्त्सना करते हुए दिवंगत थाना प्रभारी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाकपा ने मध्य प्रदेश में शराब माफिया के लगातार बढ़ते आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मध्य प्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली एवं राज्य परिषद सदस्य एडवोकेट रुद्रपाल यादव ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि ' देवास में शराब माफिया द्वारा थाना प्रभारी की ट्रक से रौंद कर हत्या करने की वारदात वीभत्स और अक्षम्य अपराध है। मध्य प्रदेश में शराब माफिया के लगातार बढ़ते आतंक के लिए भाजपा सरकार की अक्षमता जिम्मेदार है। शराब माफिया को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मांग की है कि शराब माफिया के खिलाफ कड़ी और निर्णायक कार्रवाई की जाए। शराब माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तीव्र आन्दोलन किया जाएगा। '

आईजा का शपथ ग्रहण समारोह 18 को, देशभर के लगभग 600 पत्रकार होंगे शामिल

इन्दौर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) द्वारा आगामी 18 नवंबर को इंदौर में आयोजित होने जा रहे शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस समारोह में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 600 पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के उद्देश्य से आईजा के पदाधिकारियों ने स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ परामर्शदाता प्रवीण खारीवाल से विस्तृत चर्चा की। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में हुई इस बैठक में महासचिव उमेश जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने आगामी शपथ विधि ग्रहण समारोह की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, अतिथियों के स्वागत, पत्रकारों की सहभागिता और कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं वरिष्ठ परामर्शदाता प्रवीण खारीवाल ने आयोजन को और अधिक प्रभावी एवं भव्य बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने बेहतर प्रबंधन, सुव्यवस्थित कार्यक्रम संचालन, अतिथियों के सम्मान और पत्रकारों की सक्रिय सहभागिता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपनी बात रखी।

बैठक के दौरान आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में तीन महिला पत्रकारों को विशेष भूमिका एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। संगठन में उनकी इस नई भूमिका के प्रतीकात्मक स्वरूप में तीनों महिला पत्रकारों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से संगठन में महिला पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व और योगदान को विशेष महत्व दिया गया।

सेंसर तकनीक से आलू की पैदावार 28% बढ़ी, 70 से बढ़कर 90 बोरी हुआ उत्पादन

इंदौर । खेत की मिट्टी का पीएच मान 8.2 से अधिक होने के कारण आलू और लहसुन की फसल प्रभावित हो रही थी। गवली पलासिया के किसान गणेश पाटीदार ने इस समस्या का समाधान सेंसर आधारित ऑटोमेशन तकनीक से निकाला। खेत में सिस्टम लगाने के बाद सिंचाई और पोषक तत्वों का प्रबंधन बेहतर हुआ। इसका असर आलू की पैदावार पर भी दिखा। पहले जहां 70 बोरी उत्पादन होता था, अब यह बढ़कर 90 बोरी तक पहुंच गया है। लहसुन की फसल में भी जड़ों के विकास में सुधार हुआ है। गणेश पाटीदार पिछले कुछ वर्षों से आलू की पैदावार और लहसुन की जड़ों की वृद्धि में कमी महसूस कर रहे थे। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर मिट्टी की जांच कराई। जांच में पीएच मान 8.2 से अधिक मिला। मिट्टी अधिक क्षारीय होने से आयरन, जिंक और फास्फोरस जैसे जरूरी पोषक तत्वों की उपलब्धता प्रभावित हो रही थी। इसके बाद उन्होंने सिंचाई के पानी का पीएच नियंत्रित करने और पानी के साथ जरूरी पोषक तत्व फसलों तक पहुंचाने की व्यवस्था की। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से खेत में सेंसर आधारित ऑटोमेशन सिस्टम स्थापित किया गया।:::

सेंसर से जरूरत के अनुसार सिंचाई और उर्वरक प्रबंधन ::

सिस्टम में लगे स्मार्ट सेंसर मिट्टी की नमी और तापमान के आधार पर सिंचाई प्रबंधन में मदद करते हैं। इससे फसल की जरूरत के अनुसार पानी दिया जा सकता है। पानी के साथ घुलनशील उर्वरक और आवश्यक पोषक तत्व भी फसलों तक पहुंचाए जाते हैं। किसान माइक्रो न्यूट्रिएंट्स और जैविक तत्वों का भी व्यवस्थित प्रबंधन कर रहे हैं। कीट नियंत्रण के लिए माइक्रो स्प्रिंकलर तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।

दिव्यांग शिक्षक आधार सिंह सम्मानित



इंदौर। दिव्यांग सेवानिवृत शिक्षक आधार सिंह चौहान को झालावाड़ ,राजस्थान में सामर्थ्य सेवा ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। झालावाड़ के एक रिसोर्ट में आयोजित समारोह में झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार भारती, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. ए पी सिंह ने दिव्यांग आधार सिंह चौहान को प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो प्रदान कर और साफ फहानकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व आयुक्त डॉ. ओम प्रकाश बैरवा, उप वन संरक्षक सागर पवार विशेष रूप से उपस्थित थे। सामर्थ्य सेवा संस्थान के डॉ. रामजी चंद्रवाल और डॉ. प्रेमचंद सुमन ने बताया कि आधार सिंह को उक्त सम्मान उनके द्वारा दिव्यांगजन समाज के क्षेत्र में किए गए सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।

लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-G1 की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग संपन्न

लायंस इंटरनेशनल क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233-G1 की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग ऐतिहासिक नगरी मांडू में संपन्न हुई।मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन डॉ. कुलभूषण मित्तल एवं मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ (उज्जैन) उपस्थित रहे।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी ने सेवा सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले सभी सेवा मनीषी, रीजन व जोन चेयरपर्सन तथा क्लब अध्यक्षों को आमंत्रित पीडीजी की गरिमामयी उपस्थिति में स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

- लायंस क्लब इंदौर सिटी को बेस्ट क्लब का अवार्ड, स्पेशल



अवार्ड फॉर कैबिनेट इवेंट ऑर्गेनाइजेशन एवं नेशनल फेस्टिवल के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए अध्यक्ष लायन रिंकी जयसिंघानी चुघ* व लायन दिलीप माटा को प्रदान किया गया।श्रेष्ठ सेवा सारथी का स्मृति चिन्ह लायन दिनेश कुमार रणधर - लायंस इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन एवं लायन रिंकी जयसिंघानी चुघ को विशेष पुरस्कार व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।रीजन चेयरपर्सन लायन आशमा मल्होत्रा* द्वारा भी लायन दिनेश रणधर व लायन रिंकी जयसिंघानी चुघ को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट के कई लायन साथी एवं सिटी क्लब के सदस्य पीडीजी लायन एस.पी. नामदेव, लायन संतोष मकवाना, लायन गायत्री गुप्ता उपस्थित रहे।सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर लायन मनोज नाहर ने सेवा सप्ताह में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।